खबर संक्षेप

## चाकूबाजी के मामले में घायल युवक की इलाज दौरान मौत

**कटनी।** दो गुटों के बीच हुई चाकूबाजी में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई। चाकूबाजी के मामले में दो युवकें की पहले ही मौत हो चुकी है। गौरतलब है कि कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत जिला अस्पताल के सामने स्थित चौपाटी में रविवार-सोमवार की दरम्यानी रात हुई चाकूबाजी की घटना हुई थी। इस वारदात में गंभीर रूप से घायल युवक का जबलपुर में इलाज चल रहा था। गुरुवार को घायल युवक ने भी दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार वारदात के दिन 15 से 17 वर्ष की उम्र के नाबालिग लड़कों ने गायत्री नगर निवासी 23 वर्षीय रोशन सिंह, 22 वर्षीय उत्कर्ष दुबे और 20 वर्षीय विनेश उर्फ विशेष कारिकांत पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया था। इस हमले में रोशन सिंह और उत्कर्ष दुबे की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि विनेश गंभीर रूप से घायल हुआ था और उसे इलाज के लिए जबलपुर रेफर किया गया था। जहां गुरुवार को इलाज के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया।

## फिटनेस और टैक्स बकाया होने पर ट्रक जब्त

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशानुसार और परिवहन आयुक्त के मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित करने और बकाया करों की वसूली करने के उद्देश्य से बरही थाना क्षेत्र में वाहनों की सघन जांच की गई। जांच के दौरान फिटनेस प्रमाण पत्र, परमिट और बीमा वैध नहीं पाये जाने पर एक ट्रक क्रमांक एमपी 20 एचबी 4707 को जब्त किया गया है। इसके अतिरिक्त जनवरी 2024 से इस वाहन पर 94 हजार 672 रुपये का कर बकाया पाया गया। इन अनियमितताओं के कारण वाहन को तत्काल जब्त कर बरही पुलिस थाना में सुरक्षित खड़ा कराया गया है।

## जाति प्रमाण पत्र बनाने लगाया गया शिविर

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु जन शिक्षा केन्द्र के विद्यालयों में विशेष शिविरों का आयोजन करने के निर्देश दिये गए हैं। इसी कड़ी में, एसडीएम कटनी प्रमोद कुमार चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, वेंकट वार्ड, कटनी में जाति प्रमाण पत्र शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में तहसीलदार आशीष अग्रवाल, जिला नोडल अधिकारी शिक्षा, राजस्व निरीक्षक चंद्रशेखर कोरी, हल्का पटवारी तुलाराम वर्मा और प्रकाश गुप्ता सहित शाला के शिक्षकगण उपस्थित रहे। इस शिविर में कुल 682 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 550 आवेदनों के सभी दस्तावेज पूर्ण कर पटवारी द्वारा मौके पर ही इन आवेदनों पर टीप अंकित की गई। इन सभी आवेदनों को अब लोक सेवा केंद्र के माध्यम से दर्ज कराया जा रहा है ताकि जल्द से जल्द जाति प्रमाण पत्र जारी किए जा सकें। एसडीएम कटनी चतुर्वेदी ने बताया कि आगामी समय में इन जाति प्रमाण पत्रों का वितरण सीधे विद्यालयों के माध्यम से निःशुल्क किया जाएगा।

## पिछले साल से 61.5 फीसदी अधिक औसत वर्षा

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से 31 जुलाई तक कुल 702.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 933.2 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 435.1 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 61.5 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। कटनी तहसील में 719.8 मिमी, रीठी में 933.2 मिमी,बड़वारा में 592 मिमी, बरही में 563 मिमी और विजयराघवगढ़ में 674.1 मिमी, बहोरीबंद में कुल 657 मिमी एवं स्लीमनाबाद में 823.2 मिमी ढीमरखेड़ा में 657.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

### लंबित प्रकरणों का शीघ्र करें निराकरण, आरसीएम एस साफ्टवेयर में भी कराएं दर्ज

# दस करोड़ से निर्माणाधीन कालेज भवन का किया निरीक्षण, कहा गुणवत्ता का रखें ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने गुरुवार को स्लीमनाबाद पहुंच कर यहां के तहसील कार्यालय और करीब 9 करोड़ 86 लाख रुपए की लागत से निर्माणाधीन स्लीमनाबाद कालेज भवन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत और एसडीएम बहोरीबंद राकेश कुमार चौरसिया मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री यादव ने तहसील कार्यालय के निरीक्षण के दौरान तहसीलदार सारिका रावत को राजस्व प्रकरणों के निपटारे में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन प्रकरणों की जानकारी प्राप्त की साथ ही शाखाओं के अभिलेखों का भी अवलोकन किया। कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों को 6 माह से 1 वर्ष तक के 3 प्रकरणों और भूमि आवंटन से संबंधित 1 से 2 वर्ष तक के पुराने 2 प्रकरणों का त्वरित निपटारा सुनिश्चित करने की हिदायत दी। श्री यादव ने बेदखली



और धारा 250 के प्रकरणों के निराकरण पर भी जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि आरसीएमएस पोर्टल पर सभी प्रकरणों को दर्ज किया जाए और पेशी की तारीखें ऑनलाइन बढ़ाई जाएं। साथ ही, उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि पेशी से छूट गये प्रकरणों को भी ऑनलाइन अपडेट किया जाए। साथ ही आरसीएम एस सॉफ्टवेयर में भी प्रकरणों को दर्ज करने की हिदायत दी।

सर्किल धरवारा में लंबित प्रकरणों पर विशेष ध्यान देते हुए, कलेक्टर ने 6 माह से 1 वर्ष पुराने 12 प्रकरणों प्रकरणों का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने स्लीमनाबाद मे 9 करोड़ 86 लाख रुपए की लागत से सर्वसुविधायुक्त निर्माणाधीन कालेज भवन का भी आकस्मिक निरीक्षण कर गुणवत्ता पूर्ण कार्य सुनिश्चित कराने के निर्देश परियोजना क्रियान्वयन इकाई के कार्यपालन यंत्री एमके पोनीकर को दिए। कलेक्टर श्री यादव ने निर्माणाधीन भवन में घूमकर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान, कलेक्टर ने महाविद्यालय के निर्माणाधीन भवन में निर्मित की जाने वाली सुविधाओं का अवलोकन किया। बताया गया कि इस नवीन भवन में 8 लेक्चर रूम, 3 एचओडी रूम, एक कॉन्फ्रेंस हॉल, एक मल्टी पर्पज हॉल, प्रिंसिपल रूम, वाइस प्रिंसिपल रूम, स्टोर रूम और लाइब्रेरी रूम का प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त, विद्यार्थियों और स्टाफ की सुविधा के लिए 2 स्टाफ रूम भी बनाए जा रहे हैं। भवन के प्रथम तल पर प्रयोगशाला लैब, कंप्यूटर लैब, पैंट्री रूम और फैकल्टी रूम होंगे। महाविद्यालय का ग्राउंड फ्लोर 1757 वर्गमीटर और प्रथम तल 1729.6 वर्ग मीटर में फैला हुआ है, जबकि पूरे परिसर का कुल क्षेत्रफल 11957 वर्गमीटर है।

# कैमोर और विजयराघवगढ़ नगर परिषदों में अध्यक्ष का चुनाव 8 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कैमोर एवं विजयराघवगढ़ नगर परिषदों में इस्तीफे के बाद रिक्त हुये अध्यक्ष पदों के निर्वाचन हेतु कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने पीठासीन अधिकारी एवं निर्वाचन कार्यक्रम घोषित कर दिया है।

कलेक्टर श्री यादव द्वारा जारी आदेश के अनुसार कैमोर एवं विजयराघवगढ़ नगर परिषदों में अध्यक्ष पद के निर्वाचन की तिथि 8 अगस्त निर्धारित की गई है। अध्यक्ष पद का निर्वाचन इन नगर परिषदों के सभाकक्ष में सुबह 11 बजे से किया जाएगा।

कलेक्टर श्री यादव ने नगर परिषद कैमोर में निर्वाचन हेतु पीठासीन अधिकारी एसडीएम विजयराघवगढ़ महेश मंडलोई को बनाया गया है। वहीं नगर परिषद विजयराघवगढ़ के लिए पीठासीन अधिकारी संयुक्त कलेक्टर श्रीमती संस्कृति मुदित लटोरिया होंगी। कलेक्टर श्री यादव ने आदेश में संबंधित पीठासीन अधिकारियों को पूरी चुनाव प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न कराकर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

आदेश में कैमोर और विजयराघवगढ़ नगर परिषदों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को सभी निर्वाचित पार्षदों को व्यक्तिगत रूप से नोटिस और आदेश की प्रतियां तामील करने, पावती प्राप्त करने और संबंधित परिषद के नोटिस बोर्ड पर एक प्रति प्रदर्शित करने का निर्देश भी दिया गया है।

## 3 दिव्यांगजन को मिली मोटराईज्ड ट्राइ साईकल

**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशानुसार सामाजिक न्याय एवं दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग के उपसंचालक अनुरोग मोदी के द्वारा जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र में 3 दिव्यांगजन को उपकरण प्रदान किये गये। श्री मोदी द्वारा शिव प्रसाद पाण्डेय पिता रामकृष्ण पाण्डेय, धीरज कुमार विश्वकर्मा पिता मनसुख लाल को मोटराईज्ड ट्राई साईकिल एवं केशलाल चमार को ट्राईसाईकिल एवं बैसाखी प्रदान की गई।

मोटराईज्ड ट्राई साईकिल पाकर दिव्यांगों के चहरे खुशी से खिल उठें और उन्होंने कलेक्टर श्री यादव को धन्यवाद देते हुए कहा कि अब उन्हें कहीं भी आने-जाने के लिए किसी के आश्रय की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। साथ ही अब वे रोजगार के लिए कहीं भी जा सकेंगे।

*नशे की लत को छोड़ने चलाई गई जागरूकता मुहिम*

# उमावि तेवरी के विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



जिला पुलिस प्रशासन कटनी द्वारा 15 जुलाई से 30 जुलाई तक प्रदेश स्तरीय नशा मुक्त अभियान चला कर नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए पोस्टर निर्माण,निबंध, रंगोली, नुक्कड़ नाटक,मिनी मैराथन दौड़, वाहन रैली के माध्यम से नशे की लत को छोड़ने की मुहिम चलाई गई। शासकीय बुद्ध सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र -छात्राओं ने भी उत्कृष्ट जागरूकता का संदेश दिया गया जिसमें नशा से दूरी है जरूरी अभियान के समापन कार्यक्रम मे कलेक्टर दिलीप यादव, पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा, जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया, स्लीमनाबाद एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी, स्लीमनाबाद टीआई अखिलेश दाहिया के द्वारा शासकीय बुद्ध सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेवरी के विद्यार्थियों को व विद्यालय के शिक्षक महेंद्र सिंह का सम्मान किया गया।

कटनी ऑडिटोरियम में पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लक्ष्मी कुशवाहा, द्वितीय लक्ष्मी नामदेव, निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कृष्णा कुशवाहा,श्रेजल यादव, तृतीय मनीषा जायसवाल, रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम आयुषी चक्रवर्ती, द्वितीय लक्ष्मी नामदेव, तृतीय संध्या चक्रवर्ती को सहभागिता कराकर सम्मानित किया गया। कटनी पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि अभियान के तहत की गईं गतिविधियों की जानकारी देते बताया कि जिले में स्कूल, कॉलेज, रेलवे स्टेशन,बस स्टैंड सहित 255 स्थलों पर विभिन्न जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस सफलता पर विद्यालय प्राचार्य मनोज हल्दकार एवं समस्त स्टॉफ ने सभी छात्र/छात्राओं का उत्साहवर्धन किया ।

## स्लीमनाबाद महाविद्यालय में हुई संगोष्ठी



कारगिल विजय दिवस सिर्फ एक तारीख नहीं है, भारतीय सेना के आदम्य साहस ओर अटूट संकल्प की मिशाल है। 26 जुलाई 1999 को हमारे जाबांज जवानो ने न सिर्फ पाकिस्तानी घुसपैठियों को खदेडा, बल्कि दुनिया को दिखा दिया कि भारत कि सरहदे उनके वीरों के हाथ मे सुरक्षित है। यह बात स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद मे कारगिल विजय सप्ताह के अवसर पर आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कही। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय के मार्गदर्शन एवं स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन के प्रकोष्ठ प्रभारी के नेतृत्व मे आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित के साथ हुआ। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत एवं कविताओं का वाचन कर उपस्थित जनों का मन मोह लिया। इस दौरान डॉ शैलेन्द्र जाट, डॉ प्रीत नेगी, डॉ प्रीति यादव, डॉ भारती यादव, डॉ अशोक पटेल, डॉ रंजना वर्मा, अनिल शाक्य सहित महाविद्यालय स्टॉफ व छात्र -छात्राओं की उपस्थिति रही।

# राजस्व न्यायालय के नियमित संचालन हेतु अधिकारियों को दिये सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राजस्व न्यायालयों के कामकाज में और अधिक दक्षता लाने के उद्देश्य से राज्य शासन के राजस्व विभाग एवं कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर बहोरीबंद के एसडीएम राकेश चौरसिया ने तहसीलदार और नायब तहसीलदारों को सख्त निर्देश जारी किए हैं।

### इनको किया निर्देशित

एसडीएम श्री चौरसिया द्वारा तहसीलदार सुश्री नेहा जैन (बहोरीबंद), सुश्री सारिका रावत (स्लीमनाबाद) और नायब तहसीलदार राजकुमार नामदेव (वृत्त बाकल) को निर्देशित किया गया है कि वे अपने-अपने राजस्व न्यायालयों का कार्य अनिवार्य रूप से प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक नियमित रूप से संपादित करें।

निर्देश में स्पष्ट किया गया है कि अधिकारी केवल कलेक्टर से पूर्व अनुमति प्राप्त करके ही कार्य से अनुपस्थित हो सकेंगे। इसके अतिरिक्त, तहसील अंतर्गत राजस्व न्यायालय का कार्य संपादित किए जाने हेतु प्रत्येक दिवस उपस्थिति आर.सी.एम.एस. के माध्यम से ई-पंचिंग मॉड्यूल अंतर्गत की जाएगी।

निर्देश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि बिना अनुमति के अनुपस्थित होने की दशा में जिला कलेक्टर संबंधित अधिकारी को सूचना पत्र दे सकेंगे और अनाधिकृत अनुपस्थिति पर 'डाइज नॉन' की कार्यवाही प्रस्तावित की जा सकेगी। इन प्रक्रियाओं का मुख्य उद्देश्य राजस्व न्यायालय का कार्य कर रहे अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करना और राजस्व न्यायालय के प्रकरणों को समय-सीमा में निराकरण करना है।

### तो स्वयं उत्तरदायी होंगे

एसडीएम श्री चौरसिया ने अपने पत्र में यह भी कहा है कि इन निर्देशों की अवहेलना करने पर संबंधित अधिकारी स्वयं उत्तरदायी होंगे। इस पत्र को सर्वोच्च प्राथमिकता से लेने के लिए कहा गया है ताकि राजस्व प्रकरणों का शीघ्र और समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जा सके।

*बड़वारा पुलिस ने की कार्यवाही, आरोपितों को न्यायालय में किया पेश*

# आटो से की जा रही थी तस्करी, 5 किलो गांजा जब्त, दो युवकों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

आटो से गांजा की तस्करी करने वाले दो युवकों को बड़वारा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। तस्करों के पास से 30 हजार रूपए कीमती गांजा भी जब्त किया गया है। थाना प्रभारी केके पटैल ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के व्दारा अवैध मादक पदार्थो की तस्करी के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। आदेश के पालन में मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया था।

वरिष्ट अधिकारियो के मार्गदर्शन में अवैध रुप से मादक पदार्थ गांजा तस्करों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु क्षेत्र का




लगातार भ्रमण कराया जा रहा था। गुरूवार को प्रदीप जाटव हमराह स्टाफ के द्वारा इलाका भ्रमण के दौरान ग्राम जगतपुर उमरिया मदारी टोला में कृषि मंडी के पास ऑटो क्र. एमपी 54 आर 0795 अंधेले में छिपकर खड़ी थी जिसमें दो व्यक्ति बैठे थे। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम आशिक कोल 19 साल एवं राजाराम पटेल 29 साल दोनो निवासी दड़ौरी थाना बरही बताया। दोनो व्यक्तियों से ऑटो खड़ा करने का कारण पूंछा गया तो भागने का प्रयास करने लगें। ऑटो को चैक किया गया जिसमें प्लास्टिक की बोरी में गांजा भरा था। गांजा जब्त करते हुए दोनो युवकों को गिरफ्तार किया गया। जब्त गांजा 5 किलो 200 कीमती करीबन 3,00,000/- रुपये जप्त किया। आरोपीगणों के विरुद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत कार्यवाही की गई। आरोपीगणों को न्यायालय कटनी पेश किया गया।

कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि. केके पटेल, उनि प्रदीप जाटव, सउनि रघुवीर सिंह, प्र. आर. बीरेन्द्र कुमार चढ़ार, आर. गौरीशंकर राजपूत, आर. रवि कोरी, आर. बृजलाल प्रजापति, आर. शिवप्रकाश तिवारी की विशेष भूमिका रही।

### भिलाई टोला मे नवांकुर सखी -हरियाली यात्रा का हुआ समापन

# हरियाली यात्रा निकालकर पर्यावरण संरक्षण का दिया गया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

जनमानस को प्रकृति से जोड़ने और पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक करने मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के द्वारा इन दिनों नवांकुर सखी-हरियाली यात्रा निकाली जा रही है। रीठी विकासखंड की हरियाली यात्रा का समापन बुधवार को ग्राम पंचायत पिपरिया के आदर्श भिलाई टोला मै हुआ जहाँ मंगल कलशो व ढ़ोल नगाडो के बीच भव्य हरियाली यात्रा निकाली गईं। यात्रा के दौरान पर्यावरण के संरक्षण व संवर्धन को लेकर जागरूकता संदेश दिया गया। कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष प्रकाश चंद्र शाहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए व पूर्व जनपद सदस्य आशा गोवर्धन रजक व जनअभियान परिषद रीठी के विकासखंड समन्वयक जगत सिंह मरकाम उपस्थित हुए।

ब्लॉक समन्वयक जगन सिंह मरकाम ने कहा कि लोगों को प्रकृति से जोड़ने और




पर्यावरण संरक्षण के लिए जनचेतना बढ़ाने का कार्य आवश्यक है। हरियाली यात्रा से घर के आंगन, अपने गांव से लेकर शहर तक नागरिकों को पर्यावरण की रक्षा की प्रेरणा मिलेगी!इस अभियान का प्रमुख उद्देश्य नारी शक्ति के माध्यम से स्वैच्छिकता के आधार पर पर्यावरण संरक्षण करना है। प्रत्येक सेक्टर में 100 महिलाएं नवांकुर सखी के रूप में पंजीकृत की गई हैं। ये नवांकुर सखियां 11 बीज रोपित एवं अंकुरित पौध रोपित थैलियों के माध्यम से अपने घर की बगिया में पौधे विकसित करेंगी! विकसित पौधों को रोपण लायक होने की स्थिति में एक पेड़ मां के नाम अभियान में शासकीय या निजी भूमि पर परिवार के महत्व के अवसरों पर रोपित किए जाएंगे। ये पौधे एक पेड़ मां के नाम अभियान में आगामी वर्षों में रोपित होंगे।

परामर्श दाता गोवर्धन रजक द्वारा बताया गया कि निश्चित रूप से पर्यावरण संरक्षण के लिए नवांकुर सखी का चयन कर पौधे रोपित किया जाना अत्यंत सराहनीय कार्य है और सभी को पौधे रोपित कर उनकी देखभाल करना हर व्यक्ति का कर्तव्य है। जनअभियान परिषद द्वारा समय -समय पर अनेक ऐसे नवाचार किये जाते हैं जिससे जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण व अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रसारित कर आमजन को उनके हितों से जोड़ने का प्रयास किया जाता है जो अत्यंत सराहनीय है।

कार्यक्रम के अंत मे सभी नवांकुर सखियों को पौधा देकर सम्मानित किया गया और प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान रोजगार सहायक अमर बहादुर सिंह, रश्मि परोहा, सुखई रामजी महाराज सहित ग्रामीणजनों की उपस्थिति रही।

## स्वरोजगार मेले में 224 युवाओं का प्रारंभिक चयन, 1.12 करोड़ के ऋण स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने की दिशा में जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र एवं शासकीय आईटीआई के संयुक्त तत्वावधान द्वारा युवा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में एक भव्य रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में कुल 322 आवेदकों ने पंजीकरण कराया, जिनमें से 224 युवाओं का प्रारंभिक चयन विभिन्न कंपनियों और संस्थानों में हुआ।

जिला रोजगार अधिकारी डी.के. पासी ने बताया कि मेले में प्रतिभा सिन्टैक्स पीथमपुर में 6, मोहनी हेल्थ हाईजिन पीथमपुर में 10, एल.आई.सी कटनी द्वारा 26, प्रधानमंत्री कौशल विकास केंद्र में 30, ट्रेडिनइंडिया लिमिटेड बुदनी में 12, स्वेल स्लेशन प्रा.लि. में 39, एस.आई.एस. सिक्योरिटी में 21, अडानी ग्रुप कैमोर में 25, लवली ऑटोमोबाइल कटनी में 3, प्रयागराज ऑटोमोबाइल कटनी में 11, दिल्ली ऑटोमोबाइल में 3 और सिटी मॉल में 2 आवेदकों का चयन किया गया। इसके अतिरिक्त, बजाज ऑटो लिमिटेड ने भी 36 युवाओं का प्रारंभिक चयन किया।

वहीं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 13 आवेदकों को कुल 1 करोड़ 12 लाख 40 हजार रुपये के ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग ने भी मेले में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए 51 आवेदकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

**खबर संक्षेप**



## आवारा मवेशियों को पकड़ने चल रहा अभियान

**कटनी।** नगरीय क्षेत्र के सार्वजनिक मार्गों में आवारा घूमने वाले मवेशियों से निजात दिलाकर नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित आवागमन मुहैया करने के मद्देनजर निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देश पर नगर निगम की हाका गैंग द्वारा नगर के विभिन्न मार्गो में आवारा रूप से विचरण कर यातायात को बाधित करनें एवं गंदगी फैलानें वाले मवेशियों को पकड़ने का अभियान चला रही है। आवारा मवेशियों को पकड़ने के अभियान में गति लाते हुए निगम की हाका गैंग की टीम द्वारा जहां नगर के मुख्य मार्गो से आवारा मवेशियों को पकड़कर कांजी हाउस भेजने का कार्य कर रही है। वहीं दूसरी ओर मृत मवेशियों को वाहनों के माध्यम से ले जाकर उनका नियामानुसार निपटान भी कराया जा रहा है। अभियान के तहत अब तक चार सैकड़ा से अधिक आवारा मवेशियों को पकड़कर झिंझरी कांजी हाउस में बंद कराया जा चुका है। निगमायुक्त नीलेश दुबे ने नगर के पशुपालकों से अपने पालतू मवेशियों को निर्धारित स्थल पर बांधकर रखते हुए निगम प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान में सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया है।

## ई-केवायसी करने निगम के गठित दल द्वारा कार्य जारी

**कटनी।** समग्र पोर्टल में नागरिकों के समग्र आई.डी को रिकवर करते हुए आधार के साथ ई-केवायसी कार्य पूर्ण करते हुए शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ प्रत्येक पात्र नागरिकों को प्रदान कराने के उद्देश्य से उपायुक्त शैलेश गुप्ता द्वारा गठित पांच सदस्यीय दल का गठन किया गया है। उक्त दल रोजाना नगर निगम के समग्र काउंटर क्रमांक 51 मे दोपहर 3 बजे से सायं 7 बजे तक बैठ कर में कार्य संपादित किया जा रहा है। गठित दल द्वारा बताया गया कि गुरुवार दोपहर 1 बजे तक लगभग 25 आवेदकों की समग्र आई को रिकवर किया जाकर उनकी आधार के साथ ई-केवाईसी करा दी गई है। उपायुक्त शैलेष गुप्ता ने ऐसे नागरिक जिन्हे समग्र आईडी को रिकवर कराकर आधार के साथ ई-केवाईसी कराना चाहते है उनसे नगर निगम के समग्र काउंटर क्रमांक 51 मे दोपहर 3 बजे से सायं 7 बजे तक संपर्क कर ई-केवाईसी कार्य कराने का आग्रह किया है।

## अब 13 अगस्त तक किया जा सकेगा आवेदन

**कटनी।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा छठवीं में प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की तिथि 13 अगस्त तक बढ़ा दी गई है। पूर्व में अंतिम तिथि 29 जुलाई निर्धारित की गई थी। विद्यालय के प्राचार्य श्री आदित्य प्रताप सिंह ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा सत्र 2026-27 में कक्षा छठवीं में प्रवेश हेतु निःशुल्क ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता है। चयन परीक्षा हेतु आवेदन करने की पात्रता उन विद्यार्थियों को ही है जो कि कटनी जिले में सत्र 2025-26 में कक्षा पांचवीं में अध्ययनरत हों एवं कटनी जिले के ही निवासी हों। चयन होने की स्थिति में विद्यार्थी एवं पालक का कटनी जिले के निवास का प्रमाण (जो कि भारत सरकार द्वारा अधिसूचित हैं) देना अनिवार्य होगा। जो विद्यार्थी जिस विकासखण्ड के विद्यालय में अध्ययनरत हैं उसी विकासखण्ड का उल्लेख आवेदन पत्र में करेंगे। आवेदन पत्र में आवश्यक जानकारी सही एवं सावधानी पूर्वक भरेंगे। विद्यालय सरकारी या मान्यता प्राप्त होना अनिवार्य है। वे ही विद्यार्थी आवेदन करने हेतु पात्र हैं जिनका जन्म 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 (दोनों दिनांक सम्मिलित करते हुए) के बीच हुआ हो। कक्षा छठवीं में प्रवेश से संबंधित संपूर्ण जानकारी नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाईट पर उपलब्ध है। चयन परीक्षा 13 दिसंबर 2025 को कटनी जिले के विभिन्न विकास खण्डों के परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जावेगी।

### जनसंवाद में पहुंचे ग्राम जुजावल के ग्रामीणों ने कलेक्टर से की शिकायत

# विद्युत पोल को उखाड़ बना लिया मकान, 5 गांवों के लोग बिजली समस्या से है परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव गुरूवार को जनपद पंचायत बहोरीबंद के ग्राम जुजाबल में आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में पहुंचे। यहां उन्होंने 68 ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं एवं अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

इस दौरान जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत और एसडीएम बहोरीबंद श्री राकेश कुमार चौरसिया सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद रहे।

लोकसुनवाई के दौरान ग्राम जुजावल के ग्रामीणों ने कलेक्टर श्री यादव को आवेदन देते हुये बताया कि जेठूराम हल्दकार ने 11 केव्ही लाइन काटकर पोल को उखाड़कर मकान का निर्माण कर लिया है जिसके कारण आये दिन लाइन फाल्ट होने से चार-पांच गांव की बिजली गुल हो जाती है। इसके अलावा उसने अपना मकान को आंगनबाड़ी भवन से जोड़ दिया है। जिसकी वजह से बरसात का पानी आंगनबाड़ी के भीतर से निकलता है जिससे भवन क्षतिग्रस्त होने एवं जन हानि होने की संभावना बनी रहती है। इसलिए अतिक्रमण हटवाकर 11 केव्ही की लाईन को पूर्वानुसार जुड़वायें। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने एसडीएम को एमपीईबी के साथ निरीक्षण कर निश्चित समयावधि में नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

लोक सुनवाई में ग्राम जुजावल निवासी परमलाल ने आवेदन देते हुये बताया कि मैंने दो बार रा.नि.मं. कौड़िया तहसील स्लीमनाबाद स्थित भूमि खसरा नंबर 794/1 का वर्ष 1960 से 1980 तक की नक्शे की प्रतिलिपि हेतु आवेदन दिया था। परंतु दोनों बार मुझे सन-1909 का ही नक्शा प्रदाय किया गया। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने भू-अभिलेख अधीक्षक को समय-सीमा में आवश्यक कार्यवाही कर शिकायत के निराकरण के निर्देश दिए।

### मंदिर में अवैध कब्जा हटवाये

ग्राम जुजावल के ग्रामीणों ने कलेक्टर श्री यादव को बताया कि शासकीय भूमि पर शासन द्वारा निर्मित प्राचीन हनुमान मंदिर पर व्यक्तिगत नेम प्लेट लगाकर ताला लगा दिया गया है। जिससे श्रद्धालु मंदिर नहीं जा पा रहे हैं। नेम प्लेट एवं ताला खुलवाया जाय ताकि यहां फिर से पूजा अर्चना शुरू हो सके। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने निश्चित समयावधि में एसडीएम को जांच कर प्रतिवेदन देने के निर्देश दिए।

ग्राम जुजावल निवासी वार्ड पंच प्रेमलाल कोल ने आवेदन देते हुये बताया कि शीतल कॉलोनी स्थित भूमि खसरा नंबर 371/1, 371/2 में वर्ष 1995 से बसाहट है। इसका आवासीय सर्वे किया जा चुका है। परंतु आवासीय पट्टा अभी तक नहीं दिया गया है। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने स्वामित्व योजना में सर्वे का स्टेटस चेक कर नियमानुसार कार्यवाह करने के निर्देश एसडीएम को दिए।



# वन विभाग की कार्रवाई के विरोध में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

वन भूमि में किये गए कब्जा को हटाने इस समय वन विभाग द्वारा कार्यवाही की जा रही है। रीठी तहसील के चिरूहला गांव में वन विभाग की कार्रवाई से किसानों में आक्रोश है। किसानों का आरोप है कि वन विभाग ने बिना किसी पूर्व सूचना के बारिश के मौसम में उनके खेतों में लगी फसल पर जेसीबी चलवा दी। विभाग ने भूमि पर जबरन कब्जा कर लिया जिससे लगभग 20 एकड़ की फसल बर्बाद हो गई है। प्रभावित किसान खेतों में उतरकर प्रदर्शन कर रहे हैं। महिलाओं और बच्चों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण इस विरोध में शामिल हुए हैं। किसानों का कहना है कि बीते दिन से वे बारिश में भीगते हुए खेतों में डटे हुए हैं। लेकिन अब तक न तो प्रशासनिक अमला पहुंचा है और न ही कोई समाधान मिला है। कार्रवाई के दौरान वाद विवाद का वीडियो भी सामने आया है। इसमें वन अमला किसानों और महिलाओं को खेतों से दूर करते और उनसे बहस करते दिखाई दे रहे हैं।

डीएफओ गौरव शर्मा ने बताया कि शासन के निर्देश पर वन भूमि से अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। फिलहाल केवल नोटिस देकर स्थिति की जानकारी ली जा रही है। डीएफओ का कहना है कि इसके बाद एक सूची तैयार कर कलेक्टर के निर्देश में जांच कराई जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि बारिश के मौसम में किसी की जमीन नहीं ली जाएगी और पहले उचित जांच की जाएगी।

**गाटरघाट में 10 अगस्त को होगा कजलिया मेले का आयोजन**

# महापौर सूरी ने कजलिया मेला स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



नगर की आस्था और परंपरा से जुड़े नगर के प्रसिद्ध कजलिया मेला के आगामी 10 अगस्त को आयोजन पर प्रतिवर्षानुसार निगम प्रशासन द्वारा की जानें वाली आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लेनें हेतु महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा गुरूवार को आजाद चौक स्थित गाटर घाट मेला स्थल का निरीक्षण किया।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने संपूर्ण मेला स्थल का पैदल भ्रमण कर स्टेज के समक्ष गड्ढों की मलमे से फिलिंग कराकर ब्लू डस्ट डलवाने, नदी किनारे सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से तैराक एवं अन्य आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने के साथ ही साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, पार्किंग सुविधा और सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण कर ली जाए, ताकि श्रद्धालुओं और आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

### आयोजन को बनाएंगे यादगार

महापौर ने यह भी कहा कि कजलिया मेला हमारे शहर की आस्था, संस्कृति और परंपरा से जुड़ा एक महत्वपूर्ण आयोजन है, इसलिए इसकी तैयारियों हेतु निगम के सभी विभागों के अधिकारी आपस में सामंजस्य स्थापित करते हुए सक्रियता से कार्य कर कजलिया मेला को सफल, सुरक्षित और श्रद्धालुओं के लिए यादगार आयोजन बनानें की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए।

इस दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य सुभाष साहू शिब्बू, डॉ रमेश सोनी, श्रीमती बीना बैनर्जी, पार्षद सीमा श्रीवास्तव, शकुंतला सोनी, उमेन्द्र अहिरवार, वंदना राजकिशोर यादव, पूर्व पार्षद कमलेश चौधरी, कजलिया मेला के पदाधिकारी सस्त्यदर्शन मिश्रा, राजा रजक, अभिषेक ताम्रकार, सुनील रजक, निंदी रजक, आनंद रजक, मनोज निगम महेश रोचलानी सहित निगम के उपयंत्री अश्वनी पांडेय एवं मोना करेरा की मौजूदगी रही।

### चित्रकला प्रतियोगिता से नशामुक्ति का दिया संदेश



शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी में छात्राओं के द्वारा 'नशे से दूरी है जरुरी' थीम पर आधारित नुकड़ नाटक का मंचन किया गया। कार्यक्रम में सहायक जिला आबकारी अधिकारी सूर्यभान कोरी द्वारा आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। वहीं आबकारी उपनिरीक्षक अतुल कुटार ने विद्यार्थियों को नशे से होने वाले दुष्परिणाम से अवगत कराया। साथ ही, विद्यार्थियों को नशे की बुराइयों के प्रति जागरूक किया गया। उन्होंने वैकल्पिक स्वस्थ जीवनशैली की जानकारी दी और "ना कहना सीखें" जैसे प्रेरक संदेश साझा किए एवं सभी को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। विभाग द्वारा 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान के तहत सी एम राइज (संदीपनी) स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। युवाओं को नशीले पदार्थों से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करने तथा उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया।

# धूमधाम से मनाया भगवान पार्श्वनाथ का मुकुट सप्तमी एवं मोक्ष कल्याण महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जैन धर्म के 23 वे तीर्थकर भगवान पार्श्वनाथ का मोक्षकल्याण महोत्सव एवं मुकुट सप्तमी पर्व बड़ी धूमधाम एवं श्रद्धाभक्ति के साथ श्री 1008 पार्श्वनाथ दिग. जैन बड़े मंदिर में नगर में चर्तुमास कर रहें 108 पदम सागर महाराज के सानिध्य में मनाया गया।

इस अवसर पर निर्वाण लाडू चढ़ाने का सौभाग्य शरद कुमार सतीश कुमार सरावगी, कमल कुमार जैन, राकेश कुमार दीपक कुमार, सुरेन्द्र कुमार सुदीप कुमार मोदी तथा शांतिधारा करने का सौभाग्य सतीश कुमार राकेश कुमार मोदी, देवचंद सुधीर कुमार सुनील कुमार, राकेश मोदी, सतीश मोदी, अभय कुमार चक्रेश कुमार राजेश कुमार सर्वज्ञ, प्रकाशचंद पटोरिया, पवन कुमार, दिनेश कुमार आयुष कुमार को प्राप्त हुआ।

इस अवसर पर मुनिश्री पदम सागर महाराज ने चर्चा करते हुये बतलाया कि भगवान पार्श्वनाथ के ऊपर कमट के जीव ने लगातार 10 भव तक उपसर्ग किया जिसे समतापूर्वक सहन करने के पश्चात आज के दिन पार्श्वनाथ भगवान को मोक्ष पद प्रप्ति हुई। मुनि श्री ने आगे कहा कि अपने धर्मयातन एवं तीर्थो की सुरक्षा के लिये पुख्ता प्रबंध करने होगे तभी हमारे मंदिर एवं तीर्थ सुरक्षित रहेगें। कार्यक्रम का संचालन विकास शास्त्री द्वारा किया गया। इस अवसर पर भारी संख्या में जनसमुदाय उपस्थित रहा।

**एक-एक पौधा भेंटकर उसे संरक्षित करने का दिलाया संकल्प**

# नवांकुर साखियों ने हरियाली यात्रा के से दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी




विकासखंड कटनी के सेक्टर क्रमांक 3 कन्हवारा के अंतर्गत ग्राम कन्हवारा के हनुमान गढ़ी मंदिर परिसर में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा का शुभारंभ ग्राम के वरिष्ठ पर्यावरण प्रेमी नत्थूलाल तोमर और ग्राम सरपंच रतन आदिवासी के द्वारा श्री हनुमान मंदिर में पूजन अर्चन करके किया गया।

नवांकुर सखी हरियाली यात्रा के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया गया की संपूर्ण प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से किये जा रहे नवाचार के अंतर्गत पौधा रोपण के माध्यम से धरती माता का हरा-भरा श्रृंगार करने के लिए एवं महिलाओं की सशक्त भागीदारी तय करने की दृष्टि से नवांकुर सखी हरियाली यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में सभी नवांकुर सखियों को नवांकुर संस्था के द्वारा तैयार की गई नर्सरी से एक-एक पौधा भेंट कर उसे संरक्षित करने का संकल्प दिलाया जाएगा।

ग्राम सरपंच रतन आदिवासी ने पौधारोपण को मानव जीवन का अनिवार्य हिस्सा बताते हुए कहा कि सभी को अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधारोपण कर उनका संरक्षण करना चाहिए। उन्होंने जन अभियान परिषद की पहल की सराहना करते हुए पर्यावरण संरक्षण में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने को एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम के अगले चरण में सभी उपस्थित नवांकुर सखियों को अतिथियों के द्वारा विभिन्न प्रजातियों के एक-एक पौधा वितरित करते हुए उसे सुरक्षित स्थान में रोपित करने और संरक्षित करने का आह्वान किया गया। साथ ही पौधारोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात ग्राम भ्रमण करते हुए पुनः श्री हनुमानगढ़ी मंदिर में पहुंचकर नवांकुर सखी हरियाली यात्रा समाप्त हुई।

कार्यक्रम के अंतिम चरण मैं कार्यक्रम के आयोजक नवांकुर संस्था अनुभूति जन जागरण संस्थान के अध्यक्ष स्वाधीन शुक्ला के द्वारा उपस्थित अतिथियों, ग्राम वासियों, नवांकुर सखियों और सहयोगी जनों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। आयोजन में नवांकुर संस्था के सचिव अवधेश तोमर सदस्य गण अतुल पांडे, जितेंद्र नामदेव, बृजेश आदि मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री आवास योजना बस्ती बनी वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम की साक्षी

# महापौर ने स्वच्छता मित्रों एवं पर्यावरण प्रेमियों की मौजूदगी में रोपे पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनमानस को जागरूक करने हेतु सफाई अमृत हरित महाअभियान के तहत चलाए जा रहे "एक पेड़ मां के नाम" अंतर्गत गुरुवार को महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के मुख्य आतिथ्य में प्रेम नगर एनकेजे स्थित प्रधान मंत्री आवास योजना बस्ती ढोल नगाड़ों के बीच भव्य वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम की साक्षी बनी।

सफाई मजदूर दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण हेतु आयोजित इस नवाचार कार्यक्रम में महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, निगम अध्यक्ष श्री मनीष पाठक,नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे सहित उपस्थित निगम पार्षदों ने स्वच्छता मित्रों, सफाई यूनियन के पदाधिकारियों सहित अन्य जनों के साथ मिलकर एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाकर प्रकृति के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन किया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित मेयर इन काउंसिल सदस्य डॉ रमेश सोनी, सुभाष साहू, गोविंद चावला, बीना बैनर्जी, पार्षद शशिकांत तिवारी, सीमा श्रीवास्तव, शकुंतला सोनी, वंदना राजकिशोर यादव, सुमित्रा रावत, प्रभा गुप्ता, सरला मिश्रा, खुशबू अनिरुद्ध सोनी, पूर्व पार्षद कमलेश चौधरी, चोखे भाईजान, समाजसेवी अज्जू सोनी, सहित प्रधानमंत्री आवास योजना के रहवासियों समाजसेवी संगठन, महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं, पर्यावरण प्रेमियों एवं गणमान्य नागरिकों, साईं विजन की टीम के सदस्यों ने भी पौधारोपण के इस भव्य कार्यक्रम में बढ़ - चढ़कर सहभागिता करते हुए विभिन्न प्रजातियों के फलदार, फूलदार एवं छायादार पौधों का रोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प लिया । कार्यक्रम में उपस्थित समुदाय के सामूहिक सहयोग से लगभग एक हजार से भी अधिक पौधों का रोपण किया जाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश नागरिकों को दिया गया।

कार्यक्रम की अगुवाई करते हुए महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि - सफाई मजदूर दिवस के अवसर पर आज आयोजित इस महाअभियान को मां के साथ जोड़कर भावनात्मक जुड़ाव पैदा किया गया है, जिससे हर व्यक्ति प्रेरित होकर अपनी मां की स्मृति में एक वृक्ष रोपे और उसका संरक्षण भी करें।"

उन्होंने आगे कहा कि "वृक्ष न केवल हमारे जीवन का आधार हैं, बल्कि यह धरती माता का आभूषण भी हैं। हमें केवल वृक्षारोपण नहीं करना है, बल्कि उसका पालन-पोषण भी करना है।"

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निगमायुक्त नीलेश दुबे ने निगम प्रशासन के माध्यम से नगर में पर्यावरण संरक्षण हेतु किए जा रहे पौधारोपण की जानकारी विस्तारपूर्वक देते हुए आगे भी जनसहयोग से यह अभियान निरंतर जारी रहने की बात कही। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण जागरूकता के उद्देश्य से वृक्षों के महत्व पर संदेश दिया गया कि हर व्यक्ति अपने जीवन में कम से कम एक वृक्ष अवश्य लगाए। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनों द्वारा अधिक से अधिक पौधारोपण करने तथा उनके

# बिजली समस्या का 7 दिन में निराकरण नहीं होने पर करेंगे आमरण अनशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

श्रीराम जानकी हनुमान वार्ड में बिजली समस्याओं के निराकरण के लिए पार्षद ने तृतीय स्मरण पत्र लिखा है। पत्र में बताया कि श्रीराम जानकी हनुमान वार्ड अंतर्गत कमल होटल के पीछे वाली गलियों में खंभे और ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं सिर्फ शट डाउन का परमिट ठेकेदार गणेश त्रिपाठी को देकर लाइन चार्ज करवाना है लेकिन उक्त कार्य में महीनों बीत जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। साथ ही वार्ड क्रमांक 18 अन्तर्गत प्रेमनगर में विभिन्न स्थानों पर अनुसूचित जाति जनजाति बाहुल्य क्षेत्र प्रेमनगर में लगभग 134 खंभे लगने है जिसमें ठेकेदार गणेश त्रिपाठी को कार्य आदेश भी जारी किया जा चुका है लेकिन उनके द्वारा कार्य शुरू नहीं किया जा रहा है जिससे सैकड़ों लोगों को अस्थाई विद्युत कनेक्शन का भारी बिजली बिल चुकाना पड़ रहा है साथ ही बांस बल्लियों से लाइन लाने पर तार में करंट फैलने से जान माल को खतरा हो सकता है पूर्व में बारिश में मोतीलाल कोरी की मृत्यु भी हो चुकी है। इसी प्रकार अनेकों वर्ष बीत जाने के बाद भी संजय निकुंज और रोशन नगर में खंभों की फाइल में टेंडर प्रक्रिया और एल ओ ए जारी हो चुका है और संबंधित ठेकेदार कार्य करने को भी तैयार हैं और उक्त संबंध में नगर निगम बढ़ा हुए सुपर वीजन चार्ज देने को तैयार हैं लेकिन विद्युत विभाग द्वारा कार्य आदेश नहीं जारी किया जा रहा है और वार्ड क्रमांक 18 के अनेकों एस्टीमेट पेंडिंग है जिनमे सर्वे नहीं किया जा रहा है

### अनशन की दी चेतावनी

उन्होंने कलेक्टर और नगर निगम कमिश्नर को भी अवगत कराते हुए 7 कार्य दिवस पर निराकरण नहीं होने पर पीड़ित नागरिकों के साथ मिलकर सुभाष चौक पर दरी बिछाकर आमरण अनशन करने की चेतावनी दी है

## खबर संक्षेप

### फील्ड ग्राउंड में युवक के साथ मारपीट, मामला दर्ज

**अमानगंज।** पुलिस थाना अमानगंज में फरियादी गजेंद्र सोनी पिता राम प्रकाश सोनी उम्र 27 वर्ष निवासी बाजार मोहल्ला वार्ड क्रमांक 9 अमानगंज ने मुंह जुबानी रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि मैं नगर अमानगंज के फील्ड ग्राउंड में क्रिकेट खेल रहा था की तभी वहीं मौजूद चांद खान निवासी रंगरेज मोहल्ला के पास से मैं निकला तो वह बुरी बुरी गालियां देते हुए कहने लगा कि यहां से मत निकालो तो मैंने कहा कि क्यों तुम्हें क्या दिक्कत है, तो उसने इस बात को लेकर मेरे साथ मारपीट कर दी। जिससे मेरे हाथ और गले में चोटें आई हैं।

### नयाखेरा के पास ऑटो पलटने से 11 लोग घायल

**पवई।** थाना क्षेत्र के पवई-करहीं रोड पर नयाखेरा के पास ऑटो पलटने से 11 लोगो के घायल होने का मामला सामने आया है. बताया जाता है कि पवई नगर के वार्ड नम्बर 8 निवासी मुलिया चौधरी, सोमवाती चौधरी, बारिलाल चौधरी, देवरा चौधरी, कस्तूरी बाई, झनकी बाई, कौसालिया चौधरी, आरती चौधरी, ननती बाई, राममिलन चौधरी, भगवती बाई धान रूपाई हेतु छिरहा हार जा रहे थे। तभी नयाखेरा के पास ऑटो अनियात्रित होकर पलटने से सभी लोग घायल हो गए। आनन फानन में सभी घायल सामुदायिक स्वस्थ केंद्र पवई पहुंचे, जहाँ डॉक्टर अंकित पाण्डेय एबं स्टॉफ द्वारा सभी घायलों का इलाज किया गया. गंभीर रूप से 2 घायलों को जिला अस्पताल पन्ना रेफर किया गया।

### बलराम जयंती एवं जन्माष्टमी पर्व की तैयारी की बैठक आज

**पन्ना।** आगामी 14 अगस्त को बलराम जयंती एवं 16 अगस्त को जन्माष्टमी पर्व आयोजन की रूपरेखा निर्धारित करने एवं आवश्यक तैयारियों के दृष्टिगत शुक्रवार, 1 अगस्त को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शाम 4 बजे से बैठक का आयोजन किया गया है। यह तैयारी बैठक कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में होगी। संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम ने बैठक में समस्त शासकीय एवं अशासकीय सदस्यों से उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

### सड़क दुर्घटना में महिला घायल चलती बाइक से भैंस टकराई

**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना क्षेत्र अंतर्गत आज दोपहर लगभग 11:30 बजे एक मोटर बाइक जो अमानगंज की ओर आ रही थी जैसे ही हिनोती को पार की तो अचानक एक तेज रफ्तार भैंस मोटर बाइक से जा टकराई जिससे बाइक मुख्य सड़क मार्ग पर जा गिरी और दुर्घटना में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसे तत्काल ही इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमानगंज दाखिल कराया गया और प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय पन्ना के लिए रेफर कर दिया गया। घटना के विषय में ज्ञात हुआ है, कि बाइक चालक सिरसी से अमानगंज अपने निजी कार्य से आ रहा था और जैसे ही हिनौती को टच किया तो एक भैंस उसकी मोटर बाइक से टकरा गई। घटना में उसकी बहू मालती दीक्षित पति आशीष दीक्षित उम्र 28 वर्ष निवासी सिरसी घटना में घायल हो गई।

# गौरीशंकर मंदिर में शिव महापुराण कथा सुनने उमड़ रही भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏩ हटा

श्रावण मास के पावन अवसर पर नगर देवश्री गौरीशंकर मंदिर में महाशिव पुराण कथा का आयोजन कुंवर पुष्पेंद्र सिंह हजारी परिवार द्वारा किया जा रहा है। गुरुवार को चतुर्थ दिवस की कथा में कथावाचक पंडित वीरेंद्र शास्त्री जी ने माता सती के चरित्र का विस्तृत वर्णन किया गया, जिसमें भगवानशिव के प्रति उनकी निष्ठा, त्याग और समर्पण की कथा सुनाई गई। कथा व्यास ने बताया कि सती चरित्र केवल एक धार्मिक प्रसंग नहीं, बल्कि जीवन के कठिन क्षणों में धैर्य, विवेक और प्रेम के साथ निर्णय लेने की सीख है। इस प्रसंग को सुनकर उपस्थित भक्तगण भावुक हो उठे और कई श्रोताओं की आंखें भर आई।



आचार्य जी ने बताया कि राजा दक्ष प्रजापति थे और भगवान शिव के ससुर, क्योंकि उनकी पुत्री सती (दक्षायणी) ने भगवान शिव से विवाह किया था। परंतु दक्ष को शिवजी की तपस्वी जीवनशैली, उनका सरल स्वभाव और भौतिक वैभव से दूरी पसंद नहीं थी। इसी कारण उसने भगवान शिव के प्रति अपमानजनक व्यवहार किया, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें श्राप मिला। प्रजापति दक्ष ने एक विशाल यज्ञ का आयोजन किया, जिसमें सभी देवताओं, ऋषियों और ब्रह्मांड के प्रमुख व्यक्तियों को आमंत्रित किया, लेकिन जानबूझकर भगवान शिव और सती को आमंत्रित नहीं किया। जब यह समाचार भगवान शिव को मिला, तो वे क्रोधित हो उठे। उन्होंने अपनी जटाओं से वीरभद्र और भद्रकाली को उत्पन्न किया और उन्हें दक्ष के यज्ञ को विध्वंस करने भेजा। वीरभद्र ने यज्ञ को नष्ट कर दिया, देवताओं को परास्त किया और दक्ष का सिर काट दिया। यद्यपि बाद में भगवान शिव का क्रोध शांत हुआ और ब्रह्माजी तथा अन्य देवताओं के निवेदन पर उन्होंने दक्ष को जीवनदान दिया। परंतु उसे बकरे का सिर लगाकर पुनर्जीवित किया गया। यह स्वयं में एक प्रतीकात्मक श्राप था कि जिसने शिव जैसे महादेव का अपमान किया, उसकी पहचान (सिर/गौरव) नष्ट हो गई और उसे पशु के समान स्वरूप में रहना पड़ा। दक्ष को यह श्राप उसके घमंड, शिव के अपमान और पुत्री सती की मृत्यु का कारण बनने के कारण मिला। इस कथा से यह संदेश मिलता है कि अहंकार और ईश्वरीय सत्ता का अपमान विनाश की ओर ले जाता है। इस शिवपुराण कथा में नगर के श्रद्धालुजन एवं शिवभक्तों से अधिक से अधिक संख्या में पधारकर इस पावन श्रावण मास में पुण्य लाभ अर्जित करने का निवेदन आयोजक परिवार द्वारा किया गया है।

## संकल्प की प्रथम कावड़ यात्रा तिलवारा घाट से बांदकपुर तक 121 किमी का भव्य आध्यात्मिक सफर

**बनवार।** सावन माह के पावन पर्व पर माँ नर्मदा के पावन तट तिलवारा घाट जबलपुर से श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर तक 121 किलोमीटर की कावड़ यात्रा की शुरुआत की गई है। इस यात्रा का उद्देश्य क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना करना है। संस्कृति एवं पर्यावरण राज्य मंत्री के अनुज सत्येंद्र सिंह ने कहा कांवड़ यात्रा केवल एक धार्मिक परंपरा नहीं बल्कि आस्था अनुशासन पर्यावरण प्रेम और हमारी संस्कृति से जुड़ी एक महत्वपूर्ण रीति भी है। यह शिव भक्ति के साथ-साथ जीवन में अनुशासन और सामाजिक समरसता का अद्भुत उदाहरण है। यात्रा तिलवारा घाट जबलपुर मार्ग कटंगी बाईपास बोरिया कटंगी गुबरा सिग्रामपुर पुरेनहाउ जबेरा कलेहरा घाना मैली चंडी चौपरा सिमरी रोंड बनवार समापन 4 अगस्त दिन सोमवार को श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर में होगा। आज प्रथम दिवस तिलवारा घाट से बोरिया रात्रि विश्राम द्वितीय दिवस 1 अगस्त बोरिया से जबेरा आनंद धाम पुरेनहॉउ में रात्रि विश्राम, तृतीय दिवस 2 अगस्त जबेरा से रोड महादेव घाट रात्रि विश्राम, चतुर्थ दिवस 3 अगस्त रोड महादेव घाट से बांदकपुर में रात्रि विश्राम पंचम दिवस 4 अगस्त सावन के अंतिम सोमवार को प्रातः 6:00 बजे कांवड़ पूजन जलाभिषेक शिवलिंग महा आरती के साथ समापन कावड़ यात्रा में जिले भर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भागीदारी के साथ भव्य रूप से आयोजित की जा रही है और यात्रा मार्ग शिवमय होकर भोलेनाथ के जयकारों से गूंज रहा है।

**मारपीट पर पुलिस ने किया मामला दर्ज, अग्रवाल समाज ने घटना में कार्यवाही करने ज्ञापन सौंपा**

# चाट होटल संचालक के घर घुसकर की तोड़फोड़



हरिभूमि न्यूज ⏩ हटा

नगरीय क्षेत्र के रामगोपाल जी वार्ड निवासी चाट होटल संचालक मोहित अग्रवाल के घर मे घुसकर पूर्व मंडल अध्यक्ष रवि सोनी ने अपने साथियों के साथ मिलकर महिलाओं बच्चों के साथ मारपीट तोड़फोड़ कर धमकाने का घटनाक्रम सामने आया है। तोड़फोड़ के वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुए है। वही फरियादी द्वारा पुलिस थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई तो हटा पुलिस ने मात्र रवि सोनी के खिलाफ मारपीट की सामान्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया। इस कार्यवाही से असंतुष्ट अग्रवाल समाज के जिलाध्यक्ष राकेश अग्रवाल के नेतृत्व में वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष केसी अग्रवाल, युवा संगठन के जिलाध्यक्ष जुगल अग्रवाल, विकास अग्रवाल ने हटा पहुंचकर अग्रवाल समाज के साथ अग्रवाल धर्मशाला हटा में बैठक की और सभी ने पुलिस थाना पहुंचकर थाना प्रभारी धर्मेंद्र उपाध्याय को एक ज्ञापन सौंपकर कड़ी कार्यवाही की मांग की। पुलिस को दिए गए आवेदन में उल्लेख किया गया है रवि सोनी ने 5 अन्य लोगो के साथ मिलकर मोहित अग्रवाल के घर मे घुसकर तोड़फोड़ की, गंदी गंदी गालियां देकर मोहल्ले में आतंक का माहौल उत्पन्न किया, उनका चाट ठेला भी क्षतिग्रस्त कर दिया। जिससे मोहित के परिवार में दहशत है उन्हें सुरक्षा दी जाए और घटना के अनुसार ही धाराएं बढाई जाए। वही मोहित अग्रवाल ने बताया वह दो दिन पूर्व हटा थाने रिपोर्ट दर्ज करने आया था इस दौरान रवि सोनी ने उनके साथ थाने परिसर में भी मारपीट की पुलिस ने एनआरसी दर्ज कर भगा दिया। बुधवार की रात उनके घर मे ज़बरन घुसकर जमकर उत्पात मचाया घर में खिड़की दरवाजे तोड़ दिए और मारपीट की है। आरोपियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग उन्होंने की है। वही टी आई धर्मेंद्र उपाध्याय ने कहा कि आवेदन की जांच कर घटना के साक्षियों के बयान दर्ज कराए जाएंगे और सख्त कार्यवाही की जाएगी ताकि घटना की पुनरावृत्ति न हो। इस दौरान हटा अग्रवाल समाज के अध्यक्ष उमेश चंद बजाज पंचगण रवि अग्रवाल, सुरेश फौजदार सहित बड़ी संख्या में समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

# पारस प्रभु का निर्वाण महोत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏩ दमोह

श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हे मंदिर जी मे आचार्य श्री विद्यासागर जी एवं समय सागर जी के आशीर्वाद से सोलह दिवसीय श्री शांतिनाथ महामंडल विधान का आयोजन चल रहा है। विधान के सातवें दिन गुरूवार को विधान के साथ भगवान पारसनाथ का निर्वाण महोत्सव मनातें हुए निर्वाण लाडू समर्पित किया गयइं दमोह नगर के सबसे बड़े श्री दिगंबर जैन नन्हे मंदिर जी में भगवान पारसनाथ के विशाल समवशरण के समक्ष 16 दिवसीय शांतिनाथ महामंडल विधान के साथ मोक्ष सप्तमी का पर्व अत्यन्त भक्ति भाव एवं धार्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। प्रतिष्ठाचार्य सुरेश शास्त्री ब्रह्मचारी स्वतंत्र भैया एवं रोहित भैया के निर्देशन में भगवान पारस नाथ के निर्वाण कल्याणक सौधर्म इंद्र बनकर प्रथम अभिषेक करने का सौभाग्य मुनिश्री निर्मोह सागर जी के गृहस्थ जीवन के परिजन संजय शैलेंद्र सुधीर बजाज परिवार को प्राप्त हुआ। मनोज जैन सदगुवा परिवार अप्पू रिंकू खजूरी परिवार एवं मुकेश जैन मम्मा परिवार को क्रमशः द्वितीय तृतीय एवं चतुर्थ अभिषेक करने का सौभाग्य



प्राप्त हुआ। मुख्य शांति धारा करने का सौभाग्य श्रीमती सेल रानी राजू शैलेंद्र नायक परिवार एवं संतोष कुमार की सवन जैन परिवार को प्राप्त हुआ। छत्र समर्पण का सौभाग्य विमल विकास जैन खजूरी परिवार तथा महा आरती का सौभाग्य श्रीमती विनीता नायक परिवार को प्राप्त हुआ। मोक्ष सप्तमी के पावन अवसर पर भगवान पारसनाथ की 17 प्रतिमाओं की शांति धारा करने का सौभाग्य 34 श्रावक श्रष्टि परिवारों को प्राप्त हुआ। जिनमें राजेंद्र अटल सिद्धार्थ जैन पिपरिया वाले कमल कुमार मुकेश जैन फोटो, रूपचंद नवीन निराला प्रदीप जैन शिक्षक पदमचंद मुकेश रानू खजरी संदीप जैन विमल कुमार विकास जैन सौरभ राहुल खजरी चंद्र कुमार नायक प्रभात जैन अंकित सुभाष जैन राजेंद्र जैन पथरिया वाली विक्की अभिषेक जैन अमरदीप जैन लाल प्रदीप दिवाकर अरविंद जैन धर्म पिपरिया वाले कुलदीप जैन वीरेंद्र जैन जिनेंद्र नितेश जैन आलोक जैन रज्जू राहुल पटवारी राजीव जैन कैलाश चंद्र ऋषि पिपरिया नरेंद्र जैन चिराग जैन सौरभ लहरी आदि परिवार शामिल रहे। भगवना पारसनाथ को निर्वाण लाडू समर्पित किए जाने के बाद श्री शांतिनाथ महामंडल विधान प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर पात्रों के साथ सभी श्रावक श्रेष्ठि इंद्रजनो ने सातवें दिन मंडल पर अर्घ्य चढ़ाने का सौभाग्य प्राप्त किया। शाम को भक्ति भाव के साथ महा आरती का आयोजन भी किया गया।

# तीन संस्थाओं को प्रदेश स्तर पर कायाकल्प अवार्ड

**दमोह।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. अठया ने बताया कि स्वास्थ्य संस्था में स्वच्छता, स्वास्थ्य प्रबंधन एवं गुणवत्ता सुधार के उद्देश्य से कायाकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य स्तरीय पुरूस्कारों की घोषणा कर दी गई है। जिसमें जिले की तीन संस्थाएं जिला चिकित्सालय दमोह, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जबेरा एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हिण्डोरिया को राज्य स्तर पर सराहनीय प्रयास के लिये सांत्वना पुरूस्कार से सम्मानित किया गया। जिला चिकित्सालय दमोह को राज्य स्तर पर दसवां स्थान जबकि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हिण्डोरिया ने 43वां वहीं जबेरा ने 138 वां स्थान प्राप्त किया। डॉ. आर.के. अठया ने जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ. प्रहलाद पटेल, जबेरा सी.बी.एम.ओ. डॉ. डी.के. राय एवं हिण्डोरिया सी.बी.एम.ओ. डॉ. अमित मिश्रा को बधाई प्रेषित की है। कायाकल्प मानकों की कसौटी पर जिला चिकित्सालय श्रेणी अंतर्गत जिला चिकित्सालय दमोह ने कुल 84.8 प्रतिशत स्कोर अर्जित कर राज्य स्तर पर दसवां स्थान जबकि पुरूस्कार हेतु चयनित सिविल अस्पताल/सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र श्रेणी अंतर्गत कुल 183 संस्थाओं में से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हिण्डोरिया ने 82.46 प्रतिशत स्कोर अर्जित कर 43 वां स्थान प्राप्त किया वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जबेरा ने 73.23 प्रतिशत स्कोर अर्जित कर 138 वां स्थान राज्य स्तर पर प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि कायाकल्प कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित सात मानकों यथा अस्पताल रखरखाव, स्वच्छता और स्वास्थ्य, अवशिष्ट प्रबंधन, संक्रमण नियंत्रण, सहायता सेवायें, स्वच्छता-संवर्धन एवं पर्यावरण अनुकूल सुविधाएं जैसे मानकों की कसौटी पर न्यूनतम 70 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने पर प्रदाय किया जाता है।

# हिण्डोरिया बस स्टेंड में निः शुल्क मोतियाबिंद आपरेशन शिविर 2 को

**हिण्डोरिया।** सुखसागर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल जबलपुर एवं द्वारकाधीश फाउंडेशन जबलपुर के संयुक्त संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय बस स्टैंड परिसर मे आगामी 02 अगस्त 2025 दिन शनिवार को दोपहर 12 बजे से अपरांह 03 बजे तक एक दिवसीय निः शुल्क मोतियाबिंद आपरेशन नेत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. पवन यादव ने बताया कि उक्त शिविर में चिन्हित होने वाले मरीजों का उपचार आयुष्मान भारत योजना कार्ड के माध्यम निशुल्क किया जाएगा। मरीज को आयुष्मान कार्ड एवं आधार कार्ड शिविर मे साथ लेकर आना होगा। जांच के दौरान जो भी मरीज पात्र होगा । उसे उसी दिन शिविर स्थल से सुख सागर मेडिकल कॉलेज एण्ड अस्पताल जबलपुर के वाहन से उपचार के लिए ले जाया जाएगा। एवं वापिस भी छोडा.जायेगा। मरीज के भोजन, आवास एवं यात्रा की निः शुल्क व्यवस्था अस्पताल की रहेगी। इस शिविर मे 14 जुलाई 2025 एवं 22 जुलाई 2025 को जिन मरीजों के मोतियाबिंद के आपरेशन पूर्व मे हिण्डोरिया मे आयोजित शिविरों मे हो चुके हैं। उन मरीजों की भी पुनः जांच होगी एवं आगे का उपचार बताकर दवाईयां आदि दी जायेगी। शिविर के आयोजक पार्षद प्रतिनिधि शानु खान एवं म. प्र. एकता परिषद के पूर्व राज्य समन्वयक सुजात खान ने सभी वर्ग समुदाय के लोगों से आगामी 02 अगस्त के निः शुल्क नेत्र शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

## ईकेवाईसी कैंप का सीएमओ ने किया निरीक्षण



दमोह। दमोह नगर पालिका द्वारा वार्डों में ईकेवाईसी कैंप संचालित किए जा रहे हैं जिसमें बड़ी तादाद में लोग केवाईसी करने के लिए पहुंच रहे हैं गुरुवार को मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र सिंह लोधी ने धर्मपुरा वार्ड सरदार वल्लभभाई पटेल स्कूल में चल रहे ईकेवाईसी कैंप का निरीक्षण किया लोगों की समस्याओं को सुना एवं तत्काल ही निराकरण करने के लिए संबंधित अधिकारी कर्मचारियों को निर्देशित किया।

# पार्थिव शिवलिंग निर्माण करने उमड़ रही भीड़



**दमोह।** श्री पिपलेश्वर नाथ शिव मंदिर बस स्टेण्ड पर श्रावण माह में अभिषेक दर्शन पूजन करने सुबह से रात तक भीड़ जमा रहती है। इस वर्ष तीसरे सावन सोमवार से पार्थिव शिवलिंग निर्माण अभिषेक पूजन व विसर्जन कार्यक्रम मदिंर के पुजारी जी के निर्देशन में चल रहा है। सुबह से शाम तक श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंच कर शिवलिंग निर्माण करते है। जिनका अभिषेक पूजन के बाद श्रद्धालु भक्ति भाव से ले जा कर तालाब में विसर्जित करते है। मंदिर व्यवस्थापक समिति मोहन विश्वकर्मा एंड मित्र मंडली के द्वारा सभी व्यवस्थायें की जा रही है। इस मंदिर में दर्शनार्थियों को विशेष रूप से माता तारारानी के भी मिलते है।

## विधायक जयंत मलैया के प्रयासों से दो पालियों मे संचालन की मिली स्वीकृति

**दमोह।** पूर्व मंत्री एवं विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया ने बताया शासकीय महात्मा ज्योतिबा फुले, सांदीपनि सी एम राइज विद्यालय दमोह को दो पालियो मे संचालन हेतु प्रदेश के स्कूली शिक्षा मंत्री से आग्रह किया था ताकि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के अनेको प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का प्रवेश यहाँ संभव हो सके जिसे स्कूली शिक्षा विभाग द्वारा स्वीकृत कर दो पाली मे स्कूल संचालन की स्वीकृति प्रदान की हैं। उन्होंने बताया स्वीकृति मिलने से दमोह के अनेक छात्र लाभान्वित होगें। उन्होंने समस्त छात्रों, अभिभावकों और अपनी तरफ से शिक्षा मंत्री जी, आयुक्त शिक्षा विभाग भोपाल को धन्यवाद दिया।

# जरूरतमंदों को खाद्य सामग्री का किया वितरण



**दमोह।** जब अति दृष्टि के कारण दमोह के जिले के कई गांव इसकी चपेट में आए हैं,ऐसे समय लायंस क्लब दमोह अध्यक्ष सौरभ अग्रवाल और लायंस क्लब दमोह दमयंती के अध्यक्ष दीपक अग्रवाल के तत्वाधान में सदस्यों ने ग्राम पंचायत बालाकोट के अंतर्गत गांव चराई टोला में जरूरतमंदों को खाद्य सामग्री (आटा, दाल, चावल, सब्जी नमक आदि के थैलों) का वितरण किया। लायन डॉ.एस के खत्री, राजेंद्र अग्रवाल, नरेंद्र बजाज, राकेश अग्रवाल, मदन अरोरा, निशांत चौरसिया, अभिषेक गोयल, मनोज टंडन, बृजेंद्र राठौर, जुगल अग्रवाल, कवीश ताम्रकार, दिलीप जैन सहित लायंस साथी सहयोगी रहे। दमोह जिले में बाढ़ के हालत बनने के कारण जिला प्रशासन द्वारा सामाजिक एवं सेवा संस्थानों से आग्रह किया गया था, लायंस क्लब ने प्रशासन को आगे भी मदद का आश्वासन दिया।

## शिक्षक रामेश्वर मिश्रा का निधन

**बनवार।** बम्होरी चौबीसा में दशकों पूर्व हाई स्कूल की नींव रखने वाले बम्होरी निवासी शिक्षक रामेश्वर मिश्रा का जबलपुर में उपचार के दौरान 76 वर्ष की आयु में निधन हो गया। जैसे ही उनके निधन की खबर बम्होरी चौबीस में लगी तो बम्होरी से दमोह तक शोक लहर दौड़ गई करीब तीन दशक तक बम्होरी स्कूल में पदस्थ रहे शिक्षक के अनुशासन और बेहतर शिक्षा व्यवस्था की आज भी लोग मिसाल देते हैं। उनके निधन से शिक्षा जगत में भी शोक व्याप्त है और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए क्षेत्र वासियों ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं। दिवंगत शिक्षक अपने पीछे पत्नी दो पुत्र बहु और एक बेटी सहित नातियों का भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं जिनका अंतिम संस्कार दमोह मुक्तिधाम में किया गया।



# बाढ़ पीड़ितों की हर संभव मदद के लिए प्रयास जारीः प्रताप सिंह

**तेन्दूखेड़ा।** जिले की जबेरा विधानसभा के पूर्व विधायक प्रताप सिंह लोधी ने आज दो दिन पूर्व अतिवर्षा के कारण तेंदूखेड़ा विकासखंड के ग्राम झमरा,खमतरा, सरसबगली, चोरखमारिया, सर्रा टूरा, सर्रा , भैसा, सरसेला, मादो, जैसे अनेको ग्राम में जनसम्पर्क किया एवं आम जन किसानों को अतिवर्षा के कारण त्रासदी हुई जिसमें आम जनता को भयावह स्थिति में है। पूर्व विधायक ने कहा कि जनता की हर संभव मदत प्रयास जारी मेने देखा किसी का घर मकान अन्न का एक दाना नही बचा हुआ है। मेरी लगातार 2, दिन से जिला कलेक्टर, एवं एसडीएम सम्पर्क में था लेकिन 2 दिन लगातार बारिश होने कारण कुछ गांव में आवगगमन आज सुचारू रूप से चालू हो पाया है और अभी कुदपुरा देवरी शंकर के नजदीक पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई जिससे ग्रामीणों का आवगगमन बंद है। पूर्व विधायक ने एसडीएम तेंदूखेड़ा से तत्काल ही फोन बात हुई है सभी जगह सर्वे टीम पहुची है लगातार भोजन व्यवस्था भी है और समस्त ग्रामवासियों एक स्थान पर भोजन कराएं जा रहे है। जैसे झमरा, खमतरा, सर्रा, साथ ही कई ग्रामो में जो बाढ़ से ज्यादा नुकसान हुआ। कुछ ग्राम ऐसे है जो ब्यारमा एवं सर्रा के नजदीक जिनमे कुदपुरा, सरसेला, देवरी शंकर, बोरिया, में किसानों की फसलों का अधिक नुकसान हुआ है। कुछ सर्वे सूची में नही मेने एसडीएम तेंदूखेड़ा को सर्वे सूची में नाम जोड़कर सर्वे कराने केलिए बोला है उन्होंने कहा कि जल्द ही पटवारी को भेजकर सर्वे कराएंगे। साथ मे रघुनाथ यादव, मंगल सिंह नीलेश यादव, अमित जैन, सुनील मरकाम, अनिल यादव आदि शामिल है।



## बाढ़ पीड़ितों को 400 से अधिक भोजन पैकेट वितरित

**दमोह।** मूसलाधार बारिश से दमोह के अनेक गांव बाढ़ प्रभावित है जिससे वहाँ के निवासियों को मुश्किलें का सामना करना पड़ रहा है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत पहुंचाने के उद्देश्य से भारतीय हिंदू महासंघ द्वारा एक मानवीय पहल की जा रही है। जिसमें बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 400 से अधिक भोजन पैकेट वितरित किये गए। इस मानवीय कार्य में प्रदेश संगठन मंत्री सीताराम पटेल, जिला अध्यक्ष उदित सोनी, एवं जिला उपाध्यक्ष जागेश राठौर, राकेश विश्वकर्मा, प्रहलाद पाल, कमलेश अहिरवार, पवित्र राज्य, मुकेश पटेलजितेंद्र अहीरवाल रितेश सेन अजय सोनी जी, दीपेश रैकवार, एवं संगठन के अन्य सक्रिय सदस्य बाढ़ पीड़ितों की सहयोग हेतु तत्पर हैं।



खबर संक्षेप

## पर्यटन क्विज प्रतियोगिता आज

**दमोह।** जिला स्तरीय पर्यटन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन 1 अगस्त को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, पी.जी कॉलेज में किया गया है। दमोह जिले से कुल 142 टीमों ने अपना रजिस्ट्रेशन किया है इस तरह 426 विद्यार्थी इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं जिले के विभिन्न विकास खंडों के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थी इस प्रतियोगिता में भाग लेते हैं प्रथम चरण सुबह 10 से 12 बजे एवं द्वितीय चरण 2.30 से 4:30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। प्रथम चरण में लिखित परीक्षा होगी जिसमें से 6 टीमों का चयन कर मल्टीमीडिया राउंड के लिए चयनित किया जाएगा।
मल्टीमीडिया राउंड के उपरांत प्रथम स्थान पर चयनित टीम राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित की जाएगी। सभी चयनित 6 टीमों को पर्यटन विभाग की ओर से मध्य प्रदेश के पर्यटन स्थलों में घूमने का अवसर प्राप्त होगा तथा मेडल एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर बृजेश कुमार सिंह ने सभी प्रतिभागियों एवं उनके प्राचार्य से समय पर शामिल होने हेतु निर्देशित किया है।

### पानी में खाद्य सामग्री, कपड़े, अनाज आदि सभी जरूरत की सामग्री पानी में बही

# 18 गांवों में तबाही, ग्रामीणों के लिए जिले भर से पहुंच रही राहत सामग्री

## बाढग्रस्त क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों ने सामग्री की वितरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

ब्यारमा नदी के भयानक उफान ने तेंदूखेड़ा ब्लॉक के करीब 18 गांवों में भारी तबाही मचा दी। तारादेही, झमरा, सर्रा, सरसबगली, और आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में नदी के किनारे बसे घर जलमग्न हो गए, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार, लगातार भारी वर्षा के कारण ब्यारमा नदी उफान पर आ गई थी जिसके चलते कई मकान ढह गए और घरों में रखा अनाज, खाद्य सामग्री, कपड़े, और घरेलू सामान पानी में बह गया। साथ ही, ग्रामीणों की मवेशी—गाय, भैंस, बकरी आदि भी इस बाढ़ की चपेट में आ गए। ग्राम झमरा के लखन नाथ की 20 बकरियां बाढ़ में बह गईं। उनका पूरा घर पानी में डूब गया, जिससे पहनने तक के कपड़े भी नहीं बचे। लखन की 11 वर्षीय बेटी रचना, जो कभी स्कूल नहीं जा सकी, अब और भी असहाय महसूस कर रही है। उसका कहना है कि मेरा जन्म प्रमाण पत्र नहीं है, इस वजह से आधार कार्ड भी नहीं बना पाया। मैं पढ़ना चाहती थी, लेकिन अब तो कुछ भी नहीं बचा।" प्रभावित गांवों में खाद्यान्न, पीने का पानी, शौचालय सुविधा, और आवास की स्थिति अत्यंत गंभीर बनी हुई है। ग्राम पंचायतों और स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा राहत कार्य शुरू किए गए हैं, लेकिन हालात सामान्य होने में समय लगेगा। प्रशासन और आपदा प्रबंधन विभाग से निवेदन है कि स्थिति की गंभीरता को समझते हुए तत्काल राहत एवं पुनर्वास कार्य तेज़ किया जाए, विशेषकर अनाथ बच्चों, वृद्धों और महिलाओं की प्राथमिकता के साथ मदद की जाए।





तेंदूखेड़ा। ब्लाक के लगभग 18 ग्राम बाढ से प्रभावित ग्रामीणो के लिए प्रशासन के साथ साथ समाज सेवी संस्थाए भी खादय सामग्री के अलावा हर संभव मदद की जा रही है। खासतौर पर ग्राम झमरा एवं खमतरा जहां पर 100 प्रतिशत घरो में पानी भर गया था जिस कारण घरेलू सामग्री में सम्पूर्ण राशन, कपडे बर्वाद हो गया था यहां तक लोगो के लिए रात काटने में भी समस्याए खड़ी हो गई थी। वहां पर हेल्पिंग हैडस फाउडेशन एव भारती स्वः सहायता समूह के माध्यम से खाने के पैकेट पीने के पानी की व्यवस्थाए कराई जा रही है। इसके अलावा स्वास्थ्य विभाग के द्वारा ग्रामो में केंप लगाकर दवाईयां एवं बीमारी से बचने के सुझाव दिए जा रहे है। साथ ही पानी के स्त्रोत में विलिचिंग पाउडर डलवाए जा रहे है। इसके अलावा प्रशासन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वयं पैसो से ग्राम खमतरा एवं झमरा में 200 कम्बल, 100 साडी, 250 लीटर दूध पैकेटो के माध्यम से बच्चो को वितरित कराए गए है। इसके अलावा वन विभाग के कर्मचारियों ने भी स्वयं के पैसो से ग्राम बिलतरा, बमनौदा, टेड़ महगुंवा ग्रामो के लगभग 80 परिवारो को डेली का किराना जैसे दाल, तेल, चावल के अलावा कम्बल भी वितरण किए गए है। प्रशासन की राहत साखा से 2500 लोगो के लिए खाने की व्यवस्था की गई है। ग्राम पंचायत झमरा में 600 लोगो के लिए खाने के पैकेट पंचायत में ही बनाए जा रहे है एवं 1800 लोगो के लिए तेंदूखेड़ा में पैकेट बनाकर ग्राम खमतरा, सर्रा, कोसमदा, तारादेही, सारसबगली, टेड़महंगुवा, वर्धघटी, बिलतरा ग्रामो में भेजे जा रहे है। इसके अलावा प्रशासन के तरफ से ग्राम खमतरा एवं झमरा में 150 परिवारो को 10 किलो चावल, 10 किलो गेंहू वितरण किए जा रहे गुरूवार से लगातार 5 दिनो तक यह खाने की एवं राशन का वितरण किया जाएगां।



इसके पहले बाढ ग्रस्त दोनो ग्रामो में खाने की व्यवस्था ग्राम पंचायत की तरफ से की गई थी। इसके अलावा बाढ ग्रस्त ग्रामो में सामग्री की आवश्यकता पडने पर अधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ के मोवाईल नम्बर भी जारी किए गए है। 1. सौरव गंधर्व एसडीएम 9329628735, जनपद सीईओ मनीष बागरी 7692994651, तहसीलदार विवेक व्यास 9303402684, ठा.मूरतसिंह सांसद प्रतिनिधि 7828095576, राजकुमार ठाकुर नरगुवा समाजसेवी, 9131095793, शुभम जैन युवा मोर्चा अध्यक्ष 9340009305, सत्यम जैन 6267101016, हर्ष राजपूत 7224061700 के शामिल है। इसके अलावा संस्कृति पर्यटन धार्मिक न्यास के राज्य मंत्री धमेन्द्र सिंह लोधी आज से बाढ प्रभावित क्षेत्रो का दौड़ाकर लोगो से चर्चा करेगें। सुबह 11 बजे सर्रा ग्राम, साढे 12 बजे झमरा ग्राम, 1:45 पर खमतरा ग्राम, 3 बजे तारादेही ग्राम का दौड़ा किया जाएगा।

# सर्वे दल गठित कर सभी जगह सर्वे होगाः कलेक्टर

## कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने पटेरा क्षेत्र में हो रही वर्षा के उपरांत वस्तुस्थिति का किया अवलोकन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा कि ग्राम वासियों ने मुझे रास्ते में रोक कर ग्राम का रास्ता एवं स्कूल का निरीक्षण करने के लिए कहा था जिसके तहत में वहां गया। स्कूल का अवलोकन के बाद पता किया गया स्कूल के मरम्मत का प्रस्ताव प्राप्त हो गया है, नियमानुसार इसकी स्वीकृति जारी कर दी जाएगी। उन्होंने कहा पंचायत में ग्रामीण और पंचायत के बीच में कम्युनिकेशन गैप हैं, कुछ बातों पर लेकर ग्रामवासियो में नाराजगी हैं, सीईओ जनपद पंचायत पटेरा से कहा गया हैं कि वह गांव में आकर ग्राम वासियों पंचायत के लोगों के बीच साथ बैठकर उनकी बातें सुनकर इसका निराकरण सुनिश्चित करें करेंगे। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर आज दोपहर पटेरा क्षेत्र में हो रही वर्षा के उपरांत वस्तुस्थिति देखने निकले। उन्होंने इस दौरान रमगढ़ा, कोटा, सिमरी शुक्ला, बर्रट पहुंचे। ग्रामीणों और किसानों से चर्चा की हो रही वर्षा के मद्दृदेनजर घरों में किसी तरह की क्षति तो नहीं है गांव में पानी तो नहीं भरा है आदि प्रश्न किया, जिस पर ग्राम वासियों ने बताया कि घरों में किसी तरह का बाढ़ से नुकसान नहीं है, परंतु खेतों में जरूर पानी भरने से फसलों को क्षति हुई हैं। कलेक्टर श्री कोचर ने मौके पर मौजूद तहसीलदार उमेश तिवारी से कहा कि सर्वे दल गठित कर सर्वे सभी जगह कराया जाए, सर्वे टीम में राजस्व का पटवारी के साथ कृषि और पंचायत के कर्मचारियों को आवश्यक रूप से शामिल कर थोड़ी गति से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान नदी पर तीन स्थानों पर पहुंचकर फसलों का अवलोकन किया और ग्राम वासियों से चर्चा भी की, साथ ही समझाइश दी, बाढ़ में पानी होने पर किसी को भी नजदीक न जाने दिया जाए। इस दौरान रमगढ़ा में किसानों ने जमीन संबंधी अपनी कुछ समस्याएं रखी। श्री कोचर ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना और एसडीएम हटा से चर्चा की, किसानों से कहा आपकी समस्या के संबंध में आपको अवगत कराया जाएगा, किस तरह से निराकरण किया जाए। इस दौरान गौ सेवा समिति के सदस्य ने अपनी बात रखी समस्या रखी। कलेक्टर ने तत्काल ही उपसंचालक पशुपालन को चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान ग्राम रमगढ़ा में विद्यालय तक कार नहीं जा पाने से कलेक्टर मोटरसाईकिल में बैठ कर वहां पहुँचे और जमीना हकीकत से रूबरू हुए। ग्राम कोटा में ग्राम वासियों ने सड़क पर ब्रेकर और खेल मैदान की मांग की कलेक्टर ने कहा दोनों कार्य शीघ्र कर दिए जाएंगे साथ ही अन्य मांगों के संबंध में कहा शासन को आपकी मांग प्रेषित कर दी जाएगी।



# नाले में वहे युवक का दूसरे दिन भी नहीं लगा सुराग, तलाश जारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जबेरा थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम विजयसागर में बुधवार को नाले में नहाते समय एक युवक के तेज बहाव में बह जाने पर युवक का दूसरे दिन भी पता नहीं चल सका। युवक की तलाश में एसडीआरएफ की टीम जुटी हुई है वही मौके पर जबेरा तहसीलदार सोनम पांडेय, जबेरा थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान, विजयसागर सरपंच राहुल यादव सहित प्रशासन और ग्रामवासी मौजूद हैं। युवक के बड़े भाई कैलाश सींग ने बताया कि मेरा भाई नीलेश सींग पिता कल्याण सींग उम्र करीब 25 वर्ष बुधवार की सुबह धान का रोपा लगाने गया था। जो दोपहर के करीब 3:00 बजे वापिस आकर ग्राम से निकले भदर नाले पर नहाने चला गया और नहाते समय तेज बहाव में बह गया। जिसकी कॉपी खोजबीन करने के बाद भी पता नहीं चलने पर पुलिस को सूचना दी गई सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल ही एसडीआरएफ टीम को सूचित किया। करीब दो घंटे बाद मौके पर पहुंची एसडीआरएफ टीम ने तत्काल ही युवक की तलाश में रेस्क्यू शुरू किया। किंतु अंधेरा होने के बाद भी युवक का कहीं पता नहीं चल सका और रेस्क्यू में आ रही परेशानी को देखते हुए सुबह होने का इंतजार किया गया। दूसरे दिन गुरुवार को दुबारा फिर युवक का पता लगाने एसडीआरएफ की टीम प्रशासन और ग्रामीणों की मौजूदगी में रेस्क्यू करने में सुबह से ही जुट गई। किंतु दूसरे दिन भी एसडीआरएफ टीम को निराशा ही हाथ लगी और तेज बहाव में वहे युवक का शाम होने तक कहीं पता नहीं चल सका। वही एसडीआरएफ की टीम प्रशासन की मौजूदगी में युवक की लगातार तलाश कर रही है। वहीं प्रशासन द्वारा लगातार लोगों को सतर्क किया जा रहा है कि पुल पर पानी होने पर पुल पार ना करें लेकिन लोग प्रशासन की समझाइश पर ध्यान न देकर अपनी जान जोखिम में डाल रहे हैं। वही इस घटना से विजयसागर ग्राम में मातम पसरा हुआ है और पूरा गांव युवक के मिलने के इंतजार में नदी किनारे खड़ा हुआ है।

# सांदीपनि विद्यालय अब दो शिफ्टों में लगेंगे-कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा है हमारे जिले में वर्तमान में 6 सांदीपानि विद्यालय संचालित है, जिनको सीएम राइज स्कूल भी कहते हैं। दमोह लोकल का सांदीपानि विद्यालय या सीएम राइज स्कूल वहां पर काफी बच्चों ने एडमिशन लिया है और यह विद्यालय नई बिल्डिंग में भी शिफ्ट होना है, लेकिन अभी शिफ्ट नहीं हो पाया है, क्योंकि बिल्डिंग निर्माणाधीन है। इसीलिए राज्य सरकार से अनुरोध किया गया कि विद्यालय को दो पालियों में या दो शिफ्ट में संचालित करने की अनुमति दी जाए। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के नागरिकों से कहा है इस संबंध में राज्य सरकार से अनुमति आ गई। अब सीएम राइज स्कूल यानी सांदीपानी विद्यालय दमोह दो पालियों में संचालित होने लगेगा और उसके लिए जो व्यवस्था राज्य सरकार ने बनाई है, वह इस प्रकार से रहेगी यथा सिविल वार्ड में संचालित सांदीपनी विद्यालय कक्षा 1 से 5 तक सुबह के शिफ्ट में लगेगी और कक्षा 6 से 12 दोपहर के शिफ्ट में लगेगी तो इस प्रकार से सुखद स्थिति यहां पर निर्मित होगी, ताकि सारे बच्चे को यहां पर व्यवस्थित और सुविधाजनक रूप से पढ़ाई करने का अवसर इस बार मिलेगा। जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया है कि स्कूल में आवश्यक सभी व्यवस्थाएं बना ली जाएं और जल्द ही हम इसकी डेट डिक्लेयर करके आदेश जारी किये जायेंगे।

## पं ज्ञानी शास्त्री दिवंगत

**रनेह।** श्रीमद जगत गुरू रामानुजाचार्य स्वामी अनंताचार्य अमृत जी महाराज के पिता जी पं ज्ञानी प्रसाद तिवारी शास्त्री का स्वर्गवास विगत दिवस होने पर ग्राम वासियों एवं शिष्य मंडली के सदस्यों ने बड़ी संख्या में रनेह पहुंचकर अंतिम संस्कार में शामिल हो कर शोक संवेदना प्रकट की। खबर मिलते ही क्षेत्र वासी माँ महाकाली वेद विज्ञान विद्या पीठ रनेह शोक श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंच रहे है।

# चैक बाउंस होने पर आरोपी को 6 माह का कारावास

### तीन लाख आठ हजार रूपये परिवादी को प्रतिकर के रूप में अदा करने का आदेश

**दमोह।** न्यायालय उत्कर्ष दिवाकर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी दमोह द्वारा चैक बाउंस के मामले में आरोपी को दोषी मानते हुए 6 माह कारावास एवं क्षतिपूर्ति राशि दिये जाने का बंडावेश पारित किया गया है। अधिवक्ता मनीष चौबे ने बताया कि प्रकरण परिवादी मूरत सींग लोधी उम्र 56 को निवासी सिमरी राजाराम पो.आ. इमलाई थाना दमोह देहात, परिवादी झमलाई सीमेंट फैक्ट्री में मैकेनिक के पद पर पदस्थ था आरोपी लोकेन्द्र सिंह राजपूत पिता महेन्द्र सिंह राजपूत निवासी ग्राम पायरापुरा पो.आ. हिन्नाई ऊमरी थाना पथरिया जिला दमोह माह अप्रैल 2019 में 2,00,000 की राशि बतौर उधार मांगी परिवादी ने आपसी संबंधों के कारण आरोपी की व्यणितगत आवश्यता को देखते हुए रूपये उधार दिये। कुछ दिन बाद माह अगस्त 2019 में परिवादी ने रूपये मांगे तो आरोपी ने 2,00,000 रूपये का चैक इलाहाबाद बैंक शाखा दमोह का परिवादी को प्रदान कर किया। जब परिवादी ने चैक बैंक में लगाया तो बैंक में राशि न होने से परिवादी को रूपये नहीं मिले और चैक बाउंस हो गया, परिवादी ने इसकी सूचना आरोपी को दी परंतु सूचना के बाद भी आरोपी ने रूपये नहीं दिये तो परिवादी ने आरोपी लोकेन्द्र सिंह राजपूत के विरुद्ध न्यायालय में केस लगा दिया। न्यायालय में दोनों पक्षों को साक्ष्य होने के बाद तर्क सुनकर आरोपी को परिवादी मूरतसींग लोधी को उधार रूपये नहीं देने के बाद भी चैंक जारी करने का दोषी मानते हुए 6 माह का कारावास 1 प्रतिशत ब्याज की दर से क्षतिपूर्ति किये जाने का आदेश पारित किया। पैरवी मनीष चौबे एडवोकेट द्वारा की गयी।

# जर्जर दुकान को नपा ने जेसीबी से किया ध्वस्त

## नगर में 13 मकानों को तीन दिन में गिराने नोटिस किया जारी



**हटा।** कलेक्टर द्वारा नगर में पुराने जर्जर अवस्था में भवनों को गिरने की कार्यवाही के आदेश विगत माह जारी किए गए थे जिस आदेश के परिपालन में हटा नगर पालिका द्वारा गुरुवार से कार्यवाही प्रारंभ कर बाजार में एक दुकान को जमींदोज किया गया। नगर के बड़ा बाजार में मद्दी के बगीचा मंदिर की जमीन में बनी पुरानी दुकानें काफी जर्जर अवस्था में होने से जिसमें एक दुकान नब्बू जैन द्वारा संचालित दुकान काफी जर्जर हालत में थी जो गिरने की कगार पर थी कभी भी दुकान गिरने से घटना घटित हो सकती है जिसे नगर पालिका द्वारा जेसीबी से जमीनदोज करने की कार्यवाही की गई। इसके अलावा बस स्टैंड पर यात्री प्रतीक्षालय के पास बनी पानी की टंकी को भी ध्वस्त किया गया। वहीं नगर पालिका द्वारा नगर के विभिन्न क्षेत्रों में 13 जर्जर हालत मकानों को 3 दिन के भीतर गिराने नोटिस जारी किए गए।

# मोक्ष सप्तमी पर भगवान पार्श्वनाथ को चढ़ाया निर्वाण लाडू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

2802 वां निर्वाण महा महोत्सव दिगंबर जैन मंदिरों में जैन धर्म की श्रमण संस्कृति के तेईसवें तीर्थंकर भगवान 1008 श्री पार्श्वनाथ स्वामी का निर्वाण (मोक्ष) महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विरागोदय तीर्थक्षेत्र धर्मधाम में जैन धर्म के 23वें तीर्थंकर भगवान पारसनाथ के मोक्ष कल्याणक दिवस श्रावण शुक्ला सप्तमी को मोक्ष सप्तमी के रूप में मनाया गया। विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर भगवान को नैवेद्य रूप में लाडू चढ़ाया। विश्व कल्याण के लिए प्रार्थना की गई।कमल मंदिर में जैन श्रद्धालुओं ने सर्वप्रथम भगवान का पांडुक शिला पर अभिषेक एवं शांति धारा कर भगवान की विधि विधान पूर्वक अष्ट द्रव्यों से पूजा-अर्चना की। श्रावण शुक्ला सप्तमी के दिन भगवान पार्श्वनाथ को सम्मेद शिखर से मोक्ष प्राप्त होने के चलते भगवान के मोक्ष कल्याणक, देव शास्त्र गुर, चौबीसों तीर्थंकर, निर्वाण क्षेत्र आदि का पूजन कर निर्वाण कांड का पाठ किया गया। इसके बाद निर्वाण लाडू चढ़ाया गया।

### समय, शक्ति, बुद्धि, मानव कुल, धन-धरती सबको प्राप्त है, परन्तु सभी स्व-स्व बुद्धि से प्रयोग करते हैं - श्री विशुद्ध सागर जी



पथरिया। विरागोदय तीर्थ पथरिया में चातुर्मास कर रहे दिगम्बर जैन पट्टाचार्य 108 श्री विशुद्धसागर जी गुरुदेव ने धर्म-सभा में सम्बोधन करते हुए कहा कि विश्व में अनेक देश हैं, अनेकानेक लोग हैं, सबके अपने-अपने विचार हैं, सभी प्राणी अपने- अपने अनुसार ही जीवन जीते हैं। एक व्यक्ति प्रातः उठकर प्रभु दर्शन को जाता है और उसी समय एक व्यक्ति हिंसक कार्य करता है। एक व्यक्ति दान करता है और एक व्यक्ति चोरी करता है। एक बेटा माँ की सेवा करता है, एक बेटा माँ को घर से निकाल देता है। समय, शक्ति, बुद्धि, मानव कुल, धन-धरती सबको प्राप्त है, परन्तु सभी स्व-स्व बुद्धि से प्रयोग करते हैं। संयमी की पूजा होती है, ज्ञानी का सम्मान होता है, विद्वान्‌-का सत्कार होता है, परिश्रमी की प्रशंसा होती है। व्यक्ति को प्रतिपल उन्नति के लिए पुरुषार्थ करते रहना चाहिए। जीवन भर अपने यश की रक्षा कर लेना, पुरुषार्थ साध्य है। कच्चा माल ही पक्का होता है। पापी ही पाप छोड़कर धर्म-मार्ग पर आगे बढ़ता है। आटे से ही रोटी बनती - है। आटा ही फेंक देंगे तो रोटी कैसे बनेगी? पापी को ही मार दोगे तो पाप छोड़कर धर्मात्मा कौन बनेगा। गर्भ की ही रक्षा नहीं करोगे, तो सन्तान कहाँ से जन्म लेगी? धर्मात्मा के बिना धर्म नहीं होता है। धर्म-संस्कृति की रक्षा करना है, तो धर्मात्मा की रक्षा करो। संतान संस्कारित होगी तो धर्म-संस्कृति का विकास होगा। बीज की रक्षा करो, बीज के अभाव में वृक्ष भी नहीं होंगे। आयु पूर्ण होते ही मृत्यु हो जाती है। मरण हो उसके पहले कुछ अच्छा कार्य करलो । वर्तमान का पुरुषार्थ ही भविष्य का निर्माण करता है। ध्यान-साधना से कर्मों का क्षय होता है। ध्यान आलौकिक-साधना है। जो सूर्य के समान आत्म तेज से देदीप्यमान है, अनन्त सुख, अनुन्त वीर्य, व अनन्त ज्ञान स्वरूप है, सम्पूर्ण संसार का उपकार करने वाला है, आनन्द रूप है, ऐसा आत्मा ही सम्यग्दृष्टि सज्जनों के द्वारा ध्यान करने योग्य है। जो था, है और स्मेशा चैतन्यमयी रहेगा वही आत्मा है। सच्चा-साधक मात्र आत्म-शुद्धि, आत्म-कल्याण के लिए तपस्या करते हैं। साधना न सम्मान के लिए, न मान के लिए, मात्र और मात्र आत्मोत्थान के लिए करो। सच्चा- संयमी, सच्चा साधु वही है जो उपसर्ग कर्ता को उत्कर्ष कर्ता की दृष्टि से देखे । समता भाव ही साधुता है। जिसका शत्रु - मित्र, लाभ- अलाभ, जीवन-मरन, सुख- दुःख में समभाव हो वही सच्चा- साधक होता है। जो पक्षपात करे, वह साधुता से शून्य है। जिसके अन्दर क्रोध की ज्वाला भभक रही हो, वह साधु नहीं । शांत भाव धारण करे, वह साधु है। सहज, सरल परिणाम ही साधुता है। महासुनि पार्श्वनाथ ने, समता पूर्वक उपसर्ग सहन किया तो सिद्धत्व की प्राप्ति हो गई। जो सहन करता है, वही श्रेष्ठ बनता है। श्रेष्ठ, ज्येष्ठ बनना है तो सहन करना सीखो । सहन करोगे तो दुनिया तुम्हारा सम्मान करेगी। बनना है, तो सहन करो। संसार-सागर से तरना है, तो सहना सीखो ।

# अगस्त माह के दौरान 4 दिवस बंद रहेगी मॉस-मछली की दुकाने

## 9,15,16 एवं 27 अगस्त को बंद रहेगी दुकाने

**दमोह।** जिला मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार कोचर ने माह अगस्त 2025 में आने वाले त्यौहारों/पर्व यथा 09 अगस्त रक्षाबंधन, 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस, 16 अगस्त जन्माष्टमी एवं 27 अगस्त गणेश चतुर्थी पर दमोह जिले की राजस्व सीमा में स्थित समस्त पशुवध गृह एवं मांस, मछली विक्रय की दुकानों का संचालन पूरी तरह बंद रखने के आदेश जारी किये हैं। आदेश का उल्लंघन पाये जाने पर उल्लंघनकर्ता के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के तहत कार्यवाही की जायेगी। जारी आदेश के संबंध में ग्रामीण क्षेत्रों के लिये मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दमोह नोडल अधिकारी होगें तथा नगरीय क्षेत्रों के लिये परियोजना अधिकारी, जिला शहरी विकास अभिकरण दमोह नोडल अधिकारी होगें। जिला मजिस्ट्रेट श्री कोचर ने कहा है कि आदेश का उल्लंघन दृष्टिगत होता है तो दमोह हेल्पलाईन नम्बर 07812-350300 में शिकायत दर्ज कराई जा सकेगी। उक्त शिकायत तत्काल संबंधित नगरीय क्षेत्र के मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं ग्रामीण क्षेत्र में संबंधित क्षेत्र के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत को प्रेषित की जायेगी। मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं ग्रामीण क्षेत्र में संबंधित क्षेत्र के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत प्राप्त शिकायत पर ‍पशुवध गृह एवं मांस, मछली विक्रय की दुकान को तत्काल बंद कराकर नियामनुसार दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी। इस कार्य में आवश्यकता होने पर राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग से सहायता ली जा सकेगी। ज्ञातव्य है खुले में तथा बिना अनुमति पत्र (लायसेंस) अथवा लायसेंस शर्तो का उल्लंघन करते हुए पशु मॉस तथा मछली को विक्रय पर पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है।